दिनांकः 23.09.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारतीय सेना के सशक्तिकरण की दिशा में सैनिक स्कूल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आज जयपुर के श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल में नए सैनिक स्कूल का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद आयोजित समारोह में श्री सिंह ने कहा कि राजस्थान में सैनिक स्कूल की शुरूआत करते हुए वे गौरवान्वित हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरती, यहां की संस्कृति और शौर्य के लिए पहचानी जाती है।

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ सहित कई जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग मौजूद रहे। पिछले साल सितम्बर में, सैनिक स्कूल सोसायटी ने जयपुर में श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल में नए सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। स्कूल ने वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में काम करना शुरू कर दिया है। यह गैर–सरकारी संगठनों, राज्य सरकारों और निजी स्कूलों के साथ साझेदारी में देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने के सरकार के विजन का हिस्सा है। ये नए स्कूल पहले से ही चल रहे 33 सैनिक स्कूलों के अलावा होंगे। रक्षा मंत्रालय ने साझेदारी मोड के तहत 45 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी दी है। ये नए स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्डों से संबद्ध होने के अलावा, सैनिक स्कूल सोसाइटी के अधीन काम करेंगे और नियमों और विनियमों का पालन करेंगे। अपने नियमित संबद्ध बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा, वे सैनिक स्कूल पैटर्न के छात्रों को अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा प्रदान करेंगे।

000

57वीं अन्तर रेलवे निशानेबाजी प्रतियोगिता आज से जयपुर में आयोजित हो रही है। रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री, रवनीत सिंह ने इसका शुभारंभ किया। उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से 27 सितम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पेरिस ओलम्पिक 2024 में कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और चौथा स्थान हासिल करने वाले अर्जुन बबूता के अलावा एशियाड, कॉमनवेल्थ गेम्स स्तर के खिलाड़ियों सहित लगभग 120 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।

000

केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने सेना की 128वीं इंफेंट्री बटालियन और पारिस्थितिकी कार्यबल को एक घंटे में पांच लाख से ज्यादा पौधारोपण का विश्व किर्तिमान स्थापित करने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री यादव ने कहा कि सेना ने कल जैसलमेर में चलाए गए विशेष पौधारोपण अभियान में लगभग पांच लाख बीस हज़ार पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री मोदी की एक पेड़ मां के नाम पहल तथा सेना की भागीदारी और जिम्मेदारी अभियान का हिस्सा है। इसका उद्देशय स्थानीय लोगों के बीच पर्यावरण संरक्षण के महत्व को रेखांकित करना और जागरुकता बढ़ाना है। श्री यादव ने भारतीय सेना, वायु सेना, सीमा सुरक्षा बल, पुलिस और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों तथा इससे जुड़े अन्य हितधारकों को इस अभियान में भागीदारी करने के लिए बधाई दी।

000

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। आकाशवाणी के जयपुर परिसर में आज स्वच्छता पखवाडे के तहत रिकॉर्ड रूम में साफ–सफाई की जाएगी। इसमें संस्थान के सभी अधिकारी और कर्मचारी भाग लेंगे।

उधर, झालावाड में नगर परिषद की ओर से आज स्कूली बच्चों और स्काउट गाइड्स ने रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर परिषद के सभापति मनीष शुक्ला ने कचरा, कचरा पात्र में ही डालने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े या जूट की थैली काम मे लेने का आह्वान किया।

भरतपुर के बयाना में स्वच्छता पखवाडे के तहत महाविद्यालय में एनएसएस के विद्यार्थियों ने स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक और पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की अपील की। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी।

000